भारत का ऊर्जा मानचित्र (Energy Map of India)

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/energy-map-of-india

- **नीति आयोग ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के सहयोग से 'भौगोलिक सूचना प्रणाली (GIS) आधारित भारत का ऊर्जा मानचित्र' तैयार** किया है। नीति आयोग यह मानचित्र भारत सरकार के ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मंत्रालयों; कोयला मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय आदि के साथ मिलकर तैयार करता है।
- यह मानचित्र भारत में नवीकरणीय एवं गैर-नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों, तेल एवं गैस के अनुप्रवाह क्षेत्र, नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता, जीवाश्म ईंधन और अन्य ऊर्जा परिसंपत्तियों के स्थानिक और गैर-स्थानिक डाटा का दृश्यीकरण प्रस्तुत करता है। साथ ही, यह **27 विषयगत श्रेणियों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा विद्युत संयंत्रों और अक्षय ऊर्जा संसाधन क्षमता आदि पर ज़िले-वार डाटा प्रस्तुत** करता है।
- यह मानचित्र संसाधनों की भू-स्थानिक योजना, जैसे- आगामी सौर पार्कों, कोयला ब्लॉक्स, कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिये बुनियादी ढाँचा परियोजना तथा ऊर्जा व्यवधानों के आपदा प्रबंधन एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया के लिये अत्यंत उपयोगी है।
- जी.आई.एस. आधारित मानचित्रण पर्यावरण संरक्षण उपायों, ऊर्जा एवं सड़क परिवहन राजमार्ग के विभिन्न गलियारों सहित बुनियादी ढाँचे की योजना पर अंतर-राज्य समन्वय में भी सहायक है।

X

संस्कृति IAS
श्री अखिल मूर्ति के निर्देशन में
सामान्य अध्ययन फाउंडेशन
(प्रिलिम्स + मेन्स)
ऑफलाइन बैच
कक्षा आरंभ : 15 नवंबर 2021
समय : 3:00 PM – 6:00 PM
ऑनलाइन लाइव कोर्स
कक्षा आरंभ : 11 अक्टूबर 2021
समय : 6:30 PM – 9:00 PM
www.sanskritiias.com
74280 85757 / 58